प्रधान मंत्री ने संसदीय सौध विस्तार भवन का उद्घाटन किया

नई दिल्ली, 31 जुलाई 2017 : प्रधान मंत्री, श्री नरेन्द्र मोदी ने आज अर्थात 31 जुलाई 2017 को संसदीय सौध विस्तार भवन का उद्घाटन किया।

लोक सभा अध्यक्ष, श्रीमती सुमित्रा महाजन; केन्द्रीय रसायन और उर्वरक तथा संसदीय कार्य मंत्री, श्री अनंत कुमार; केन्द्रीय ग्रामीण विकास, पंचायती राज और पेयजल तथा स्वच्छता मंत्री, श्री नरेन्द्र सिंह तोमर; संसद सदस्य और अन्य विशिष्टजन भी इस समारोह में शामिल हुए।

1975 में जब लोक सभा और राज्य सभा सचिवालय कार्यालयों के लिए स्थान उपलब्ध कराने के लिए संसदीय सौध भवन का निर्माण किया □या था, उसके बाद से दोनों सचिवालयों से सम्बद्ध स्थायी समितियों और अन्य कार्यालयों की संख्या में वृद्धि हुई है। तदनुसार, भारत के उपराष्ट्रपति, श्री एम्. हामिद अंसारी और तत्कालीन लोक सभा अध्यक्ष, श्री सोमनाथ चटर्जी ने मई 2009 में संसदीय सौध विस्तार भवन की आधारशिला रखी थी। यह कार्य मई 2011 में शुरू हुआ था और दिसंबर 2016 में पूरा हुआ।

संसदीय सौध विस्तार भवन के दो ब्लाक हैं जिनका क्षेत्रफल 39495 वर्□ मीटर है। 3 मंजिला ए ब्लाक विशिष्ट ब्लाक है जिसमें 4 समिति कक्ष, सभा□ार, भोज कक्ष, भेंट कक्ष और कुछ कार्यालयीन कार्य से सम्बद्ध कमरे हैं। 6 मंजिले बी ब्लाक में स्थायी समितियों के सभापतियों के 41 कक्ष और समितियों की शाखाएं हैं।

यह एक हरित भवन है जिसे 4 स्टार जीआरआईएचए रेटिं□ मिली है। इसमें एक टेरेस □ार्डन है और इसमें बिजली की बचत करने वाले लाइट फिक्सचर ल□ाए □ए हैं। इसके अलावा इसमें सौर ऊर्जा से □र्म होने वाली जल प्रणाली, सौर ऊर्जा उत्पादन (आंशिक), सौर नियंत्रण कांच हैं जिनसे ऊर्जा की खपत कम होती है और छत पर थर्मल इंसुलेशन ल□ाई □ई है जिससे ए.सी. लोड में कमी आती है और इसके साथ ही जल की व्यवस्था भी की □ई है। विद्यमान पेड़ पौधों का संरक्षण किया □या है और दिव्यां□ों के लिए उपयुक्त सुविधाएँ सुनिश्चित की □ई हैं।

इस परियोजना की विशेषताओं का उल्लेख करने वाली एक पुस्तिका संलग्न है।